# एम एस टी सी लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)

# MSTC LIMITED (A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE)

**CIN : U27320WB1964GOI026211**

एमएसटीसी लिमिटेड इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक मिनी रत्न श्रेणी-I पीएसयू। कंपनी देश में ई-कॉमर्स व्यवसाय के लिए अग्रणी सेवा प्रदाता है तथा औद्योगिक मदों के आयात/निर्यात तथा रिसाइक्लिंग में भी शामिल है। इसका वार्षिक कारोबार का आयतन लगभग रु. 82000 करोड़ है तथा पिछले 50 वर्षों से लाभ अर्जित करने का रिकार्ड है।

एमएसटीसी लिमिटेड अपने व्यवसायिक क्रियाकलापों को प्रभावी तरीके से विस्तारित करने की उद्देश्यपरक योजना को हासिल करने के लिए नीचे उल्लेखित पदों पर युवा, ऊर्जावान एवं अभिप्रेरित व्यक्तियों को ढूंढ रही है। कंपनी सटीक उम्मीदवारों को सीखने एवं विकसित करने के लिए उत्कृष्ट अवसर का प्रस्ताव प्रस्तुत करती है।

**विज्ञप्ति सं. 2/2018 - निम्नलिखित पदों के लिए भर्ती**

✦ **सहायक प्रबंधक (सिस्टम्स-जावा, नेटवर्किंग एवं डीओटी नेट)** ✦ **प्रबंधन प्रशिक्षु (एमटी)**

| क्र. सं. | पद की संख्या | न्यूनतम योग्यता | अनुभव | उम्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एएम (एसवाईएस-जावा प्रोग्रामर) 6-पद (ओबीसी (एनसीएल)-2, एससी-2 | एक मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स/आईटी/कम्प्यूटर साइंस में बीई/बी. टेक अथवा एमसीए। | कोर जावा, जे2ईई, जेएसपी, सर्वलेट्स, वेब सर्विसेज (सोप/रेस्ट) टेक्नोलॉजी में विकास में योग्यता उपरांत न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव, एसक्यूएल (आईबीएम डीबी2, ओरकेल), एचटीएमएल, सीएसएस जेक्वैरी, जावा स्क्रिप्ट तथा जुनिट टेस्ट का ज्ञान। आईडीई यथा आरएडी, एक्लिप के प्रयोग में सक्षम। आईबीएम डब्ल्यूएएस, वेब लॉजिक, जेबीओएसएस सर्वर का प्रबंधन/ट्युनिंग। पीकेआई, डॉकर, क्लाउड-कम्प्युटिंग/क्लाउड सर्विसेज प्लेटफॉर्म (यानी एडब्ल्यूएस या अजुर) की समझ, मोबाइल ऐप विकास को अतिरिक्त महत्व दिया जाएगा। | 30 वर्ष से कम (ओबीसी (एनसीएल) एवं एससी/एसटी क्रमशः के लिए 33 एवं 35 वर्ष) |
| 2. | एएम (एसवाईएस-नेटवर्किंग) 1-पद | एक मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स/आईटी/कम्प्यूटर साइंस में बीई/बी. टेक अथवा एमसीए। | नेटवर्क उपकरणों की स्थापना एवं राउटर, स्वीचों, फायरवॉल एवं अन्य उपकरणों की ट्रबलशूटिंग, स्वीचिंग, राउटिंग, सिक्योरिटी, एलएएन केबलिंग तथा डब्ल्यूएएन टेक्नोलॉजी के साथ डिजास्टर रिकवरी सहायता, वीपीएन की कंफीगरिंग एवं रखरखाव तथा सुरक्षित एक्सेस नेटवर्क, आईपी/एमपीएलएस तथा इथरनेट टेक्नोलॉजी, आईपी सर्विस (आईपीवी4, आईपीवी6, वीपीएन, मल्टीकॉस्ट, क्यूओएस, एसएनएमपी इत्यादि), नेटवर्क परफॉर्मेंस मोनिटरिंग में योग्यता उपरांत न्यूनतम **2 वर्षों** का अनुभव। अभिप्रमाणित नेटवर्क इंजीनियर साथ में सीसीएनए/सीसीएनपी वैध अभिप्रमाणन वांछित है। | 30 वर्ष से कम |
| 3. | एएम (एसवाईएस-डीओटी नेट) 1- पद | एक मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स/आईटी/कम्प्यूटर साइंस में बीई/बी. टेक अथवा एमसीए। | डीओटी नेट ऑर्किटेक्चर; विंडोज एवं वेब अप्लीकेशन दोनों की एडमिनिस्टरिंग एवं मैनेजिंग; वीबी.नेट, सी#. नेट तथा एएसपी. नेट; संबंधित डेटाबेस यानी आईबीएम डीबी2, एमएस-एसक्यूएल सर्वर इत्यादि के साथ कार्य करने; जावा स्क्रीप्ट, वीबी स्क्रीप्ट, जे क्वेरी, क्रॉस ब्राउजर सीएसएस, एक्सएमएल; वेब सर्विस, एजेएक्स; क्रिस्टल रिपोर्ट, स्टोर्ड प्रोसिड्युअर एवं फंक्शनों के साथ कार्य करने; ट्रबल शूटिंग एवं परफॉर्मेंस ट्यूनिंग तथा सिक्योरिंग अप्लीकेशन यानी एक्यूएल-इंजेक्शन इत्यादि से संरक्षण में योग्यता उपरांत न्यूनतम **2 वर्षों** का अनुभव। डब्ल्यूसीएफ, डब्ल्यूपीएफ, एलआईएनक्यू, सिल्वर लाइट में अनुभव के अतिरिक्त महत्व दिया जाएगा। | 30 वर्ष से कम |

**क्रमांक 1 से 3 के लिए वेतनमान* : ई-1 : रु. 20,600-3%-46,500 (सीटीसी-11 लाख प्रति वर्ष)**

| क्र. सं. | पद की संख्या | न्यूनतम योग्यता | अनुभव | उम्र |
|---|---|---|---|---|
| 4. | एमटी (ऑपरेशन्स) : 12 पद (ओबीसी (एनसीएल)-3, एसटी-2, एससी-1 के लिए आरक्षित | प्रतिष्ठित मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मानविकी/विज्ञान/वाणिज्य/कानून/सूचना प्रौद्योगिकी/बिजनेश एडमिनिस्ट्रेशन/इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री, कम्प्यूटर के प्रयोग के ज्ञान के साथ मार्केटिंग/अंतरराष्ट्रीय ट्रेड/सामग्री में एमबीए/पीजीडी को वरीयता दी जाएगी। | **अंकों का प्रतिशत**<br>आवेदक द्वारा स्नातक स्तर **तक** 60% अंक प्राप्त किया होना चाहिए। हालांकि, स्नातक स्तर पर 55% अंकों के साथ ऑनर्स/इंजी. डिग्री/स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त उम्मीदवार भी योग्य होंगे। | 28 वर्ष से कम (ओबीसी (एनसीएल) एवं एससी/एसटी के लिए 31 एवं 33 वर्ष क्रमशः) |
| 5. | एमटी (एचआर/एडमिन) - 1 पद | प्रतिष्ठित मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक डिग्री, साथ में कम्प्यूटर के प्रयोग के ज्ञान के साथ एचआर/आईआर/पीएम में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा को वरीयता दी जाएगी। | | 28 वर्ष से कम |
| 6. | एमटी (एफएंडए) 13-पद (ओबीसी (एनसीएल)-3, एससी-2, एसटी-2# के लिए आरक्षित) | कम्प्यूटर के प्रयोग के ज्ञान के साथ सीए अथवा आईसीडब्ल्यूए | | 28 वर्ष से कम (ओबीसी (एनसीएल) एवं एससी/एसटी के लिए 31 एवं 33 वर्ष क्रमशः) |

**क्रमांक 4 से 6 के लिए वेतनमान* : ई-1 : रु. 20,600-3%-46,500 सीटीसी (10.25 लाख प्रति वर्ष)**

**पीडब्ल्यूडी : पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को उम्र में और 10 वर्षों की छूट दी जाएगी**

***वेतनमान में दिनांक 01/01/2017 से बकाया। # पिछली बचे हुए रिक्त स्थान के तहत एसटी के लिए 1 पद।**

**टिप्पणी :** (i) तथापि, सभी पदों को दिव्यांगजन व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) व्यक्तियों के लिए चिन्हित किया गया है, उपरोक्त 1 (एक) पद किसी भी श्रेणी में इंटरलॉकिंग के आधार पर दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) - वीएच/एचएच के लिए आरक्षित है। (ii) पीडब्ल्यूडी आरक्षण का लाभ पाने के पात्रता हेतु विकलांगता 40% से कम नहीं होनी चाहिए। (iii) **उम्र एवं अन्य पात्रता के मानदंड की गणना दिनांक 01/05/2018 की स्थिति के अनुसार की जाएगी।** (iv) **शिक्षा प्रदान के अनुभव को कार्य अनुभव नहीं माना जाएगा।** (v) संस्थान/विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की गई डिग्री केंद्र सरकार यानी एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी (एआईयू)/यूजीसी/एआईसीटीई इत्यादि के अधीन पदों एवं सेवाओं हेतु रोजगार के लिए आवश्यक संविधिक निकायों द्वारा अनुमोदित/मान्यताप्राप्त होनी चाहिए। (vi) जहां कहीं भी सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई/डीजीपीए अथवा डिग्री में लेटर ग्रेड प्रदान किए जाने पर, आवेदन में अंकों का समतुल्य प्रतिशत का उल्लेख किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय/संस्थान के नियमों के अनुसार योग्यता प्राप्त डिग्री में अंकों के प्रतिशत की गणना की जाना चाहिए। कृपया साक्षात्कार के समय जमा करने के लिए विश्वविद्यालय/संस्थान से इस संबंध में प्रमाणपत्र प्राप्त करें। विश्वविद्यालय/संस्थान के पास अगर सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई/डीजीपीए अथवा लेटर ग्रेड को प्रतिशत में रूपांतरित करने का प्रावधान नहीं है, तो उम्मीदवार के संबंधित ग्रेड को अधिकतम संभावित संबद्ध स्केल से विभाजित कर उसके परिणाम को 100 से गुणा कर उसे समतुल्य बनाया जाएगा। (vii) प्रमाणपत्रों, अनुशंसापत्रों, चिकित्सकीय तंदुरुस्ती इत्यादि के आधार उम्मीदवार को अंतिम रूप से स्वीकार किया जाएगा। (viii) बिना कोई कारण बताए अथवा कोई सूचना दिए बिना प्रबंधन के पास रिक्त पदों/भर्ती/चयन की प्रक्रिया, जरूरत पड़ने पर, रद्द/प्रतिबंधित/वृद्धि/संशोधित/बदलाव करने का अधिकार सुरक्षित है। (ix) उम्मीदवारों को सिर्फ ऑनलाइन प्रारूप में आवेदन जमा करना होगा, ऑनलाइन प्रारूप के अलावा अन्य किसी भी प्रारूप में जमा किए गए आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा अथवा उस पर विचार नहीं किया जाएगा। (x) उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने तथा उसे अंतिम रूप से जमा करने से पहले प्रत्येक जानकारी/विवरण की सत्यता के बारे में सुनिश्चित होना होगा। ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र पर प्रदत्त/भरी गई जानकारी/विवरण के लिए उम्मीदवार सम्पूर्ण/विशेष रूप से जिम्मेदार होगा।

**पात्रता :** ● नए उम्मीदवार जो अपने परिणामों की प्रतीक्षा कर रहे हैं उन्हें आवेदन करने की जरूरत नहीं है।

● विभागीय उम्मीदवार (क्रमांक 1, 2 एवं 3 के पदों के लिए) आवेदन करने के योग्य होंगे, बशर्ते कि उन्हें अगले नीचे के वेतनमान पर कम से कम एक वर्ष कार्य किया होना चाहिए। प्रबंधन के इच्छानुसार योग्य विभागीय उम्मीदवारों की उम्र की सीमा में आवश्यकतानुसार छूट दी जा सकती है। ● बाहरी उम्मीदवार (क्रमांक 1, 2 एवं 3 के पदों के लिए) आवेदन करने के योग्य होंगे, बशर्ते कि उन्हें अगले नीचे के वेतनमान/समान वेतनमान पर कम से कम दो वर्षों के नियमित पद पर कार्य किया होना चाहिए। ● ओबीसी श्रेणी के अधीन आरक्षण का लाभ पाने के लिए, उम्मीदवार की जाति का नाम एवं समुदाय नेशनल कमिशन फॉर बैकवर्ड क्लासेस (एनसीबीसी), भारत सरकार की वेबसाइट पर उपलब्ध **www.ncbc.nic.in अन्य पिछड़ी जातियों की केंद्रीय सूची** में दर्ज होनी चाहिए। उम्मीदवार क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं होना चाहिए। एससी/एसटी/ओबीसी के रूप में आरक्षण की मांग करने वाले उम्मीदवारों को जांच के समय जाति प्रमाणपत्र जमा करना होगा। संबंधित जाति प्रमाणपत्र केवल मनोनित प्राधिकारी से भारत सरकार के अधीन पदों के लिए नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए एवं उस पर स्पष्ट रूप से उम्मीदवारों की जाति, जिस अधिनियम/आदेश के तहत एससी/एसटी/ओबीसी के रूप में जाति को मान्यता दी गई है तथा उम्मीदवार जहां साधारण तौर पर निवास करते हैं उस गाँव/नगर का उल्लेख होना चाहिए।

**बांड :** प्रबंधन प्रशिक्षु एवं सहायक प्रबंधक पद हेतु चुने गए उम्मीदवारों को कंपनी को कम से कम **5 वर्षों** की अवधि तक सेवा प्रदान करने के संबंध में एमएसटीसी लिमिटेड के पक्ष में रु. 1,00,000/- का एक बांड देना होगा।

**चयन की प्रक्रिया :** ● पात्रता के मानदंड पूरा करने वाले उम्मीदवारों को ऑनलाइन चयन परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। उम्मीदवारों को निर्धारित तारीख, समय एवं स्थान पर ऑनलाइन चयन परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा, जिसका उल्लेख एडमिट कार्ड में किया जाएगा। प्रत्येक ओर 80 किमी से अधिक की दूरी तय किए जाने पर लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए बाहरी एस/एसटी/पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को सबसे संक्षिप्त मार्ग का द्वितीय श्रेणी रेल किराया प्रदान किया जाएगा।

● कंपनी की भर्ती नियमों के अनुसार अखिल भारतीय आधारित ऑनलाइन चयन परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों का चयन ग्रुप टॉस्क/परिचर्चा के लिए किया जाएगा तथा अथवा तत्पश्चात साक्षात्कार के लिए किया जाएगा। अंतिम चयन प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए अखिल भारतीय आधारित ऑन लाइन चयन परीक्षा - ग्रुप टॉस्क/परिचर्चा-साक्षात्कार तथा एएम (सिस्टम) के लिए अखिल भारतीय आधारित ऑनलाइन चयन परीक्षा-साक्षात्कार के समेकित प्रतिभा के लिए किया जाएगा। चुने गए उम्मीदवारों का पदस्थापन भारत के किसी भी स्थान पर किया जाएगा।

**कैरियरपथ :** प्रबंधन प्रशिक्षुओं को एक वर्ष के लिए परीविक्षीय अवधि में रखा जाएगा, इस दौरान उन्हें परिपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के सफल समापन के उपरांत उन्हें सहायक प्रबंधक के रूप में ई-1 वेतन मान पर नियोजित किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें : ऊपर उल्लिखित पदों के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से ऑनलाइन प्रारूप में आवेदन स्वीकार किया जाएगा।** उम्मीदवारों के पास वैध ईमेल आईडी एवं मोबाइल नं. होने चाहिए, जो कंपनी द्वारा जारी महत्वपूर्ण अधिसूचनाएं प्राप्त करने के लिए परिणाम घोषित किए जाने तक सक्रिया होना चाहिए। **ऊपरोक्त पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के रूप में रु. 500/- (एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों को छोड़कर) का भुगतान करना होगा। सभी पदों के लिए आवेदन की पद्धति के सम्पूर्ण विवरण हेतु www.mstcindia.co.in पर लॉग ऑन करें।** आवेदन करने की अंतिम तारीख इम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तारीख से 15 दिन होगी। सरकारी/पीएसयू में कार्यरत व्यक्तियों को समुचित माध्यम से आवेदन करना होगा अथवा साक्षात्कार के समय एनओसी जमा करना होगा।

**अस्वीकरण:** उम्मीदवारगण किसी भी तरह के बदलाव/संशोधन/संयोजन/जानकारी के लिए सिर्फ हमारी वेबसाइट देखें। किसी भी तरह की तकनीकी समस्या/स्पष्टीकरण के मामले में, कृपया **mstcrecruitment@mstc.co.in** पर ई-मेल करें।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र प्रारम्भ होने की तारीख** | 12.05.2018 |
| **www.mstcindia.co.in/careers** पर ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तारीख (शुल्क जमा करने की पुष्टीकरण के साथ) | 27.05.2018 |
| लिखित परीक्षा की संभावित तारीख | 24.06.2018 |